राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित
नई दिल्ली
शुक्रवार ● 7 जून ● 2019
16 पृष्ठ, मूल्य ` 3.50

सर्राफा	दिल्ली सोना (प्रति 10 ग्राम) `33,490	चांदी (प्रति किलो) `37,900	शेयर	सेंसेक्स 39,529.72 - 553.82	निफ्टी 11,843.75 - 177.90	विनिमय दर `/$ 69.28 - 0.02	मौसम (दिल्ली)	तापमान अधिकतम 42°	न्यूनतम 28°

कटौती से बढ़ेगी घरों की मांग

▶ रीयल एस्टेट उद्योग ने किया आरबीआई के फैसले का स्वागत

नई दिल्ली (एजेंसियां)। रीयल एस्टेट उद्योग ने बृहस्पतिवार को कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती के फैसले से घरों की मांग में सुधार होगा। बशर्ते बैंक इसका लाभ उपभोक्ताओं को स्थानांतरित करें।

क्रेडाई के अध्यक्ष सतीश मगर ने कहा कि दरों में कटौती रीयल एस्टेट उद्योग की दृष्टि से अच्छी है। इसका उद्योग पर सकारात्मक असर पड़ेगा। गौर्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक एवं चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा रिजर्व का यह कदम स्वागत योग्य है। केंद्रीय बैंक की पिछली कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं मिला था इसलिए अभी यह देखना होगा इस बार मिलता है या नहीं। नारेडको के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी ने कहा कि दर कटौती से बाजार में उत्साह आएगा लेकिन अभी और कदम उठाने की जरूरत है।

हाउसिंग.कॉम के सीओओ मणि रंगराजन ने कहा कि रेपो दर में कटौती का कदम धारणा की दृष्टि से काफी सकारात्मक है। अजनारा के चेयरमैन अशोक गुप्ता ने कहा कि नीतिगत दर में लगातार तीसरी कटौती से होमलोन ग्राहकों को राहत मिलेगी और रीयल एस्टेट क्षेत्र को फायदा होगा।

गुलशन होम्ज के निदेशक दीपक कपूर ने कहा कि दरों में कटौती से बाजार धारणा मजबूत होगी। अरिहंत ग्रुप के एमडी कौशल जैन ने कहा कि इस कटौती से रीयल एस्टेट सेक्टर को बाजार में अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए प्रेरित होगा। भूमिका ग्रुप के सीईओ उद्धव पोद्दार रेपो रेट में कमी एक स्वागत योग्य कदम है। यह रीयल एस्टेट मार्केट के सेंटिमेंट्स को बढ़ावा देगा। रीच ग्रुप के एमडी हरिंदर सिंह ने कहा कि रेपो दर में कटौती से प्रापर्टी मार्केट में तेजी आने की उम्मीद है। महागुन के निदेशक धीरज जैन और साया गुप के चेयरमैन विकास भसीन ने भी इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे घरों की मांग बढ़ेगी।

प्रतिक्रिया

- क्रेडाई ने कहा, दर में कटौती से उद्योग पर पड़ेगा सकारात्मक असर
- इससे घर खरीदारों में आएगा उत्साह : नारेडको
- सुस्ती से निपटने को उठाए जाएं और कदम
- कटौती का लाभ ग्राहकों को किया जाए सुनिश्चित